CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 215 ▫ रायपुर, शुक्रवार 28 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## जेलों में आंसुओं का समुंदर लिए बहनों ने बांधी राखियां



अटूट संबंधों का दिख रहा अनुपम संगम

**रायपुर,** 28 अगस्त (हाईवे चैनल)। डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ की 5 केंद्रीय, 22 जिला जेलों एवं 6 उप जेलों में आज रक्षाबंधन का त्यौहार असीम उत्साह, सद्भाव और सनातन परंपराओं के अनुरूप गरिमामय वातावरण में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जेल परिसरों में बहनों ने अपने भाई के प्रति अटूट प्यार लेकर भाई के कलाई में राखी बांधी जब बहनों ने भाई को देखा और राखी बांधी तो उनकी आंखें भर आई। बहुतों के आंसुओं थमे नहीं थमे। उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी कि भाई को जेल में राखी बांधने का अवसर आएगा लेकिन भाई बहन का अटूट प्यार दुनिया के किसी भी बंधन से बंध नहीं सकता यह दृश्य जेलों में देखने मिल रही है। वहीं बंदियों ने भी अपनी बहनों को सुरक्षा और सत्मार्ग पर चलने का वचन दिया।

### सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम

सनातन संस्कृति में रक्षाबंधन केवल सूत का धागा बांधने का पर्व नहीं, बल्कि यह रक्षा धर्म का प्रतीक है, जो स्नेह, समर्पण और आत्मिक शुद्धि का संदेश देता है। यह पर्व याद दिलाता है कि कोई भी परिस्थिति मनुष्य के मूलभूत मानवीय मूल्यों और पारिवारिक संवेदनाओं को समाप्त नहीं कर सकती। जेलों में आज का यह दृश्य सनातन परंपरा की उस भावना को चरितार्थ कर रहा था, जहाँ अपराध बोध के स्थान पर पश्चाताप, भाईचारे और सुधार की अलख जागृत होती है। बहनों का स्वागत तिलक, अक्षत और आरती के साथ किया गया। जेल प्रशासन द्वारा पूजा सामग्री एवं मिठाई की विशेष व्यवस्था की गई है। परिजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष प्रतीक्षालय, पेयजल और सहायता काउंटर बनाए गए है.बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहे हैं। डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने बताया कि सनातन परंपराओं के यह पर्व बंदियों में मानसिक शांति और नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। आज का यह भावुक क्षण यह संदेश देता है कि रक्षा-सूत्र का प्रभाव सलाखों की सीमाओं से परे है,

## नेपाल त्रासदी में अंबिकापुर से भाजपा नेता की बेटी लापता

### रायपुर की मोनिका और बिलासपुर की मंजू से टूटा संपर्क

**रायपुर/बिलासपुर/अंबिकापुर,** 28 अगस्त (हाईवे चैनल)। नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई भीषण बाढ़ त्रासदी से हाहाकार मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार अंबिकापुर के वरिष्ठ भाजपा नेता करता राम गुप्ता की पुत्री डॉ मीना गुप्ता भी इस त्रासदी में लापता हो गई हैं। 23 अगस्त को कैलाश मानसरोवर की पवित्र यात्रा पूरी करने के बाद 25 अगस्त को दल के साथ नेपाल-तिब्बत सीमा पर स्थित आव्रजन कार्यालय में मौजूद थीं, तभी अचानक आई बाढ़ ने तीन मंजिला इमारत को धराशायी कर दिया। इसके बाद से डॉ. मीना सहित उनके दल के लगभग 80 लोग लापता हैं।



भाजपा नेता करता राम गुप्ता ने बताया कि उनकी पुत्री डॉ मीना गुप्ता वर्तमान में इंग्लैंड के टोरकी में चर्म रोग विशेषज्ञ के पद पर सेवारत हैं। बीते 14 अगस्त को वे दिल्ली पहुंची थीं। एक आध्यात्मिक गुरु के साथ लगभग 80 लोगों का दल दिल्ली से काठमांडू गया था। 23 अगस्त को दल ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी कर ली थी। 25 अगस्त को दल के सदस्य नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित आव्रजन कार्यालय में औपचारिकता के लिए गए थे, इसी दौरान त्रासदी आ गई। बेटी ने पिता को भी कैलाश मानसरोवर यात्रा पर साथ चलने को कहा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया था। रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर दिल्ली में मुलाकात हो जाने की मंशा से करता राम भी दिल्ली गए थे, लेकिन उससे पहले ही यह घटना घट गई।

**डॉ मीना ने अंबिकापुर से की है पढ़ाई**- बताया जा रहा है कि डॉ मीना गुप्ता की प्रारंभिक शिक्षा अंबिकापुर के होलीक्रॉस स्कूल से हुई है। चिकित्सक बनने के बाद से वे इंग्लैंड में ही निवास कर रही हैं। वे छत्तीसगढ़ की इकलौती कैलाश मानसरोवर यात्री हैं, जो इस त्रासदी में लापता हुई हैं।

बता दें कि डॉ मीना गुप्ता नेपाल के इस त्रासदी में लापता होने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला नहीं है। इस त्रासदी में रायपुर की मोनिका यादव और बिलासपुर की मंजू राय चौधरी भी शामिल हैं। मोनिका यादव महादेव घाट, थाना डी.डी. नगर की रहनी वाली है। जानकारी के मुताबिक, मोनिका 22 अगस्त से नेपाल प्रवास पर थीं। नेपाल में बाढ़ की स्थिति के बाद से उनका परिवार से संपर्क टूट गया। इसके बाद उनके परिजनों ने उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। वही मंजू राय चौधरी (65) बिलासपुर के राजकिशोर नगर की रहने वाली है। मंजू तीर्थयात्रा कराने वाली संस्था के माध्यम से परिचितों के साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गई थीं। उनसे संपर्क नहीं होने पर परिजनों ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से मदद की गुहार लगाई है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपील की है कि नेपाल में गए या वहां रह रहे प्रदेश के किसी नागरिक के संबंध में यदि किसी व्यक्ति के पास जानकारी हो, तो वह तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराए। आपदा की स्थिति को देखते हुए सरकार ने प्रभावित नागरिकों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया है। नेपाल में मौजूद छत्तीसगढ़ के नागरिकों या उनके परिजनों को किसी तरह की जानकारी अथवा सहायता की जरूरत होने पर राज्य सरकार के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। टोल फ्री हेल्पलाइन- 1070 कंट्रोल रूम- 0771-2223471

## तिब्बत में फिर टूटा बांध

नई दिल्ली, 28 अगस्त (न्यूज चैनल)। तिब्बत की ओर स्थित पानी का बांध एक बार फिर टूट गया है। इस घटना के बाद नदी बेसिन के निचले इलाकों में बाढ़ का गंभीर खतरा पैदा हो गया है, जिसके चलते नेपाल पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से हाई अलर्ट जारी कर दिया है। नेपाल पुलिस ने तिब्बती क्षेत्र में एक और झील टूटने की सूचना मिलते ही आपातकालीन अलर्ट जारी किया है। पुलिस ने तत्काल नोटिस जारी कर बचाव और राहत कार्यों में जुटे सभी सुरक्षाकर्मियों और आम जनता से तुरंत सतर्क रहने की अपील की है।

### नेपाल में आपदा के बाद कैबिनेट की आपात बैठक

नेपाल के प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह ने रसुवा बाढ़ से हुए नुकसान पर मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। बाढ़ से 469 लोगों की मौत हुई और नेपाली सेना ने जलविद्युत सुरंग से दो लोगों को बचाया। तिब्बत में बांध टूटने की चेतावनी से चिंता बढ़ी, 26 भारतीय और विदेशी नागरिक लापता हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह ने शुक्रवार को सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। यह बैठक 26 अगस्त को रसुवा के भोटेकोशी क्षेत्र में आई विनाशकारी बाढ़ से हुए नुकसान पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए थी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पुलिस मुठभेड़ में आरोपी इमरान गिरफ्तार, पैर में लगी 3 गोलियां

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (न्यूज चैनल)। पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर में 21 वर्षीय छात्रा और मॉडल मुस्कान की चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी आकिब उर्फ इमरान को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार देर रात राजा गार्डन स्थित होम गार्डन ग्राउंड के पास पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान इमरान के पैर में तीन गोलियां लगीं। इसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अब हत्या के पीछे की वजह और मामले से जुड़े दूसरे पहलुओं की जांच कर रही है। वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि परसों शाम करीब 6 बजे तिलक नगर थाना क्षेत्र में मुस्कान नाम की युवती की हत्या हुई थी। इस मामले में इमरान मुख्य संदिग्ध था और उसे घटना के बाद मौके से भागते हुए देखा गया था।

### अभिषेक बेनर्जी समेत 3 टीएमसी नेताओं पर कोलकाता में एफआईआर दर्ज, 13 गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (न्यूज चैनल)। कोलकाता में कामाक स्ट्रीट स्थित तृणमूल कांग्रेस के कार्यालय में झड़प को लेकर पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और दो अन्य नेताओं के खिलाफ तीन प्राथमिकी दर्ज की गईं और 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बनर्जी के कार्यालय के निजी सुरक्षा गार्ड, उनके समर्थकों और पार्टी के कुछ नेताओं की बृहस्पतिवार को पुलिस और कोलकाता नगर निगम के अधिकारियों के साथ झड़प हो गई थी। वे अधिकारियों को कामाक स्ट्रीट स्थित इमारत में घुसने और एक ''अवैध'' होर्डिंग को हटाने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि कोलकाता पुलिस के कर्मचारियों और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अधिकारियों के काम में बाधा डालने और धमकी देने के आरोपों पर ये मामले दर्ज किए गए हैं। ''तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, डेरेक ओ'ब्रायन और हुमायूं कबीर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक प्राथमिकी केएमसी के विज्ञापन विभाग के अधिकारी की शिकायत पर दर्ज की गई जबकि दूसरी प्राथमिकी नगर निकाय के अनुरोध पर दर्ज की गई।'' उन्होंने बताया कि तीसरी प्राथमिकी एक पुलिस सार्जेंट की शिकायत पर दर्ज की गई जिसमें आरोप लगाया गया कि अज्ञात लोगों ने कर्मचारियों के काम में बाधा डाली और सरकार द्वारा उन्हें दिया गया वॉकी-टॉकी छीन लिया। उन्होंने कहा, ''पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।'' गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है।




चूहा- सुनती हो, उ.प्र. में अखिलेश यादव कह रहे हैं कि अगर उसकी सरकार आएगी तो प्रत्येक महिला को 40 हजार रुपए देंगे।

चुहिया- हां जी, लेकिन सरकार आएगी तभी तो देंगे, अब तो 'सायकल' का जमाना तो खत्म हो गया...!

## दिल्ली दौरे से लौटे सीएम साय, रक्षाबंधन की दी बधाई

### नेपाल बाढ़ त्रासदी को लेकर जताई चिंता

**रायपुर,** 28 अगस्त (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को दिल्ली दौरे के बाद रायपुर लौट आए। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई दी। साथ ही नेपाल बाढ़ त्रासदी को लेकर चिंता भी जताई।



नेपाल बाढ़ त्रासदी को बताया दुखद

मुख्यमंत्री ने नेपाल में आई भीषण बाढ़ पर चिंता जताते हुए इसे बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस आपदा में देश और प्रदेश के कुछ लोगों के लापता होने की जानकारी सामने आई है। मुख्यमंत्री ने प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने नेपाल में फंसे या लापता लोगों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम बनाया है और हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंद लोग कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं। सरकार हरसंभव सहयोग के लिए उनके साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से सौजन्य मुलाकात की और छत्तीसगढ़ से जुड़े विषयों से उन्हें अवगत कराया। संगठन में प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्रीय नेतृत्व का मामला है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन पहले छत्तीसगढ़ भाजपा के संगठन प्रभारी थे, लेकिन अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश में किसी न किसी संगठन प्रभारी की नियुक्ति होना स्वाभाविक है।

### चुनाव को लेकर जताया जीत का भरोसा

### राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से हुई मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में भाजपा के कामकाज को लेकर कहा कि हर जगह अच्छे काम हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में जहां-जहां चुनाव होने हैं, वहां भारतीय जनता पार्टी को अच्छी जीत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अपने ढाई साल के कार्यकाल में अच्छा काम किया है और इसी के आधार पर पार्टी को जनता का समर्थन मिलेगा।

0

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मासूम को रौंदा, भड़का ग्रामीणों का गुस्सा



ट्रैक्टर में लगाई आग, चालक की पिटाई, बस स्टैंड पर घंटों चक्काजाम; कुरुद के नारी गांव में दुर्घटना के तनावपूर्ण माहौल

**कुरूद /धमतरी,** 28 अगस्त (हाईवे चैनल)। धमतरी जिले के कुरूद थाना क्षेत्र के नारी गांव में शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर में आग लगा दी, चालक की जमकर पिटाई कर दी और गांव के बस स्टैंड के पास चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति से आ रहा ट्रैक्टर मासूम को कुचलते हुए निकल गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए और चालक को पकड़ लिया। आक्रोशित भीड़ ने ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया और चालक की पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही कुरूद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराने और स्थिति को नियंत्रित करने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने घायल चालक को भीड़ से सुरक्षित निकालकर कुरूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

मासूम की मौत से नाराज ग्रामीणों ने गांव के बस स्टैंड के पास सड़क पर चक्काजाम कर दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। घटना के बाद नारी गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, मासूम की मौत से गांव में शोक और

## लद्दाख में अब हाई कोर्ट की बेंच, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (न्यूज चैनल)। लद्दाख के पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों और मुकदमों के मुवक्किलों के लिए न्याय पाना अब बेहद आसान और सुलभ होने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख साझा हाई कोर्ट की नियमित बेंच (पीठ) के आयोजन का रास्ता पूरी तरह साफ कर दिया है। गुरुवार को राष्ट्रपति की ओर से जारी किए गए इस नए नियम के तहत अब लद्दाख के वादकारियों (मुकदमेबाजों) को सुनवाई के लिए श्रीनगर या जम्मू के चक्कर काटने से बड़ी राहत मिलेगी। यह निर्णय न केवल न्यायिक सुगमता की दिशा में एक बड़ा प्रशासनिक बदलाव है, बल्कि सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों को उनके अधिकारों के प्रति सुरक्षा और कानूनी सशक्तिकरण का मजबूत भरोसा भी दिलाता है।



राष्ट्रपति ने द यूनियन टेरिटरी ऑफ लद्दाख (सिटिंग ऑफ बेंच ऑफ द हाई कोर्ट ऑफ जम्मू एंड कश्मीर, एंड लद्दाख इन लद्दाख) रेगुलेशन, 2026 को मंजूरी दे दी है। यह विनियमन संविधान के अनुच्छेद 240 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 58(2) के तहत जारी किया गया है। यह विनियमन लद्दाख में साझा हाई कोर्ट की एक पीठ के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करता है।

## आईएसआई को भारतीय सिम कार्ड भेजने के आरोप में दिल्ली का दंपत्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली**, 28 अगस्त (न्यूज चैनल) दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी द्वस्ड्ढ से जुड़े कथित जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। इस मामले में दिल्ली में रहने वाले एक पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों साल 2024 से पाकिस्तान में बैठे कथित खुफिया ऑपरेटिव्स के संपर्क में थे और भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारी जुटाने में उनकी मदद कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिल (25) और उसकी पत्नी समीरा (21) के रूप में हुई है। जांच के दौरान पुलिस को ऐसे सुराग मिले हैं, जिनके तार



दिल्ली से निकलकर पाकिस्तान के कराची और इस्लामाबाद तक जुड़ते हैं। पुलिस का आरोप है कि पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स इस दंपति को पैसे भेजते थे और बदले में उनसे अलग-अलग तरह की मदद ली जाती थी।

पुलिस के मुताबिक, साहिल और समीरा ने 2024 से 2025 के बीच आठ भारतीय सिम कार्ड हासिल किए और उन्हें दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजा। इन सिम कार्ड के बदले कथित तौर पर दंपति को करीब 30 हजार रुपये दिए गए। जांच एजेंसियों का कहना है कि पाकिस्तान पहुंचने के बाद इन नंबरों से वाट्सएप अकाउंट एक्टिव किए गए। कथित पाकिस्तानी ऑपरेटिव्स ने इन अकाउंट्स का इस्तेमाल भारत में लोगों से संपर्क करने और संवेदनशील जानकारी हासिल करने के लिए किया। इतना ही नहीं, जांच में यह भी सामने आया कि कुछ वाट्सएप अकाउंट्स के जरिए भारतीय वाट्सएप ग्रुप्स में शामिल होने की कोशिश की गई। पुलिस को शक है कि इन ग्रुप्स के माध्यम से भी भारत से जुड़ी जानकारियां जुटाने का प्रयास किया जा रहा था। स्पेशल सेल के मुताबिक, मामले में साहिल की भूमिका केवल ऑनलाइन संपर्क या लॉजिस्टिक मदद तक सीमित नहीं थी। उस पर भारत के अलग-अलग हिस्सों में कैंटोनमेंट और सैन्य इलाकों की रेकी करने का काम सौंपे जाने का आरोप है।

CMYK